बिहार सरकार
आपदा प्रबंधन विभाग

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक–14.08.2017 (संध्या)

बिहार एवं नेपाल की तराई क्षेत्र में अप्रत्याशित वर्षा होने के कारण राज्य के कई जिले बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। वर्त्तमान में पूर्णियाँ, किशनगंज, अररिया, कटिहार, मधेपुरा, सुपौल, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी एवं शिवहर सहित राज्य के 12 जिलों में कुल 84 प्रखण्ड एवं 889 पंचायत के कुल 65.37 लाख की आबादी प्रभावित हुई है, जिनमें से 1.82 लाख लोगों को निष्क्रमित कर सुरक्षित स्थानों पर रखा गया है। राज्य सरकार के द्वारा बाढ़ पीड़ितों के लिए कुल 254 शिविर चलाए जा रहे हैं, जिनमें 48120 शरणार्थी शरण लिए हुए हैं। इस साल की त्रासदी में अभी तक विभिन्न जिलों में 41 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। जिलावार आकड़ा संलग्न है।

राज्य सरकार के द्वारा बाढ़ में घिरे लोगों को सुरक्षित निकाले जाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। NDRF की 22 टीम के कुल 949 जवान एवं 100 नाव, SDRF की 15 टीम के कुल 421 जवान, 82 नाव तथा सेना की 4 टुकड़ियों के कुल 300 जवानों एवं 40 नावों की सहायता से बचाव एवं राहत कार्य किया जा रहा है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त पूर्णिया के चुनापुर हवाई अड्डे से दो हेलिकॉप्टरों के द्वारा नियमित रूप से उड़ान भरकर बचाव एवं राहत का कार्य किया जा रहा है। इन हेलिकॉप्टरों के द्वारा प्रभावित इलाके में फूड पैकेट का Air dropping भी कराया जा रहा है।

सेना की तीन अतिरिक्त टुकड़ियाँ पटना एवं दरभंगा में पहुँच रही हैं, जिन्हें सीतामढ़ी, मधुबनी, पूर्वी चम्पारण एवं पश्चिमी चम्पारण जिले में प्रतिनियुक्त करने का निर्णय लिया गया है। इसमें 330 जवान एवं 30 नाव शामिल हैं। ये टुकड़ियाँ आज दिनांक 14.08.2017 की रात्री तक इन जिला मुख्यालय में पहुँचकर सर्च करना शुरू कर देंगी।

बाढ़ की भयावहता को देखते हुए माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के द्वारा मुख्य सचिव, बिहार एवं प्रधान सचिव, जल संसाधन के साथ आज दिनांक 14.08.2017 को प्रभावित इलाके का हवाई सर्वेक्षण किया गया। हवाई सर्वेक्षण के उपरान्त माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के द्वारा मुख्य सचिव, बिहार एवं प्रधान सचिव, जल संसाधन तथा प्रधान सचिव, आपदा प्रबंधन सहित वरीय पदाधिकारीगण के साथ बाढ़ की हालात एवं राहत तथा बचाव कार्य की समीक्षा की गई। माननीय मुख्य मंत्री के द्वारा निदेश दिया गया कि दिनांक 15.08.2017 को प्रधान सचिव, आपदा प्रबंधन, प्रधान सचिव पथ निर्माण एवं सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण कर वस्तु–स्थिति की जानकारी प्राप्त करेंगे। साथ ही साथ जिला पदाधिकारी, पूर्णिया, अररिया, किशनगंज एवं कटिहार तथा प्रभारी प्रधान सचिव पूर्णिया, अररिया, कटिहार

एवं किशनगंज के द्वारा भी हवाई सर्वेक्षण कर वस्तु–स्थिति का जायजा लिया जाएगा। तत्पश्चात् उपरोक्त सभी पदाधिकारियों के द्वारा बैठकर बचाव एवं राहत कार्यों की आगे की रणनीति तैयार की जाएगी।

विभिन्न जिलों में बचाव एवं राहत हेतु प्रतिनियुक्त बलों की विवरणी निम्नवत हैं:–

| S. No. | District | NDRF | | SDRF | | Team Composition | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Person | Motor Boat | Person | Motor Boat | | |
| 1 | Kishanganj | 15 | 3 | 45 | 9 | NDRF Team - 01, SDRF Team-02, | 02 NDRF Team moved to Katihar, 2 NDRF Team moved to Purnea 1 Column of Army move to Katihar |
| 2 | Purnea | 180 | 17 | 84 | 21 | NDRF Team - 04 SDRF Team - 03 | SDRF Team deployed at 1. Baisi, 2. Baisa and 3. Amour 3 Column of Army move to Katihar |
| 3 | Araria | 45 | 4 | 56 | 11 | NDRF Team - 01 SDRF Team - 02 | SDRF Team deployed at 1. Forbesganj and 2. Araria town |
| 4 | Supaul | 42 | 8 | - | - | NDRF Team - 01 | |
| 5 | Madhepura | - | - | 26 | 5 | SDRF Team -01 | SDRF Team deployed at AlamNagar |
| 6 | Sitamarhi | 105 | 12 | 40 | 6 | SDRF Team -01 NDRF Team-03 1 Column of Army to reach by evening | SDRF Team deployed at Runni Saidpur |
| 7 | Madhubani | - | - | 40 | 8 | SDRF Team- 01 1 Column of Army to reach by evening | SDRF Team deployed at 1. Jai Nagar, 2. Madhepur and 3. Andhrathari |
| 8 | Darbhanga | 45 | 4 | - | - | NDRF Team - 01 | |
| 9 | Muzaffarpur | 90 | 10 | 30 | 5 | NDRF Team - 02 SDRF Team-01 (With Special Bn (BHg)) | SDRF Team deployed at Katra |
| 10 | Gopalganj | 35 | 4 | - | - | NDRF Team - 01 | |
| 11 | Patna | 45 | 4 | - | - | 1 NDRF Team | |
| 12 | East Champaran | 132 | 14 | - | - | NDRF Team - 03 | |
| 13 | West Champaran | 125 | 12 | 25 | 6 | NDRF Team - 03, SDRF Team- 01 1 Column of Army to reach by evening | SDRF Team deployed at Lauriya |
| 14 | Katihar | 90 | 8 | 35 | 6 | NDRF Team - 02, SDRF Team - 2 4 Column of Army | SDRF Team deployed at 1. Manihari and 2. Kadwa |
| 15 | Sheohar | - | - | 40 | 5 | SDRF Team-01 (With Special Bn (BHg)) | SDRF Team deployed at 1. Sheohar town, 2. Piprahi and 3. Tariani |
| | | **949** | **100** | **421** | **82** | | |

# Abstract of Deployment

| Unit | No. of Teams | Number of Persons | No. of Boats |
|---|---|---|---|
| NDRF | 22 | 949 | 100 |
| SDRF | 15 | 421 | 82 |
| ARMY | 7 | 630 | 70 |
| **Grand Total** | **44** | **2000** | **252** |

बाढ़ प्रभावित बारह जिलों के जिला आपदा नियंत्रण कक्ष की दूरभाष संख्या निम्नवत हैः—

| **क्र0 सं0** | **जिला** | **दूरभाष संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | पूर्णियां | 06454—241555<br>06454—243000 |
| 2 | किशनगंज | 06456—223452<br>06456—223453<br>06456—223454 |
| 3 | अररिया | 06453—222209 |
| 4 | कटिहार | 06452—239025<br>06452—239026 |
| 5 | दरभंगा | 06272—240600 |
| 6 | मधुबनी | 06276—222576 |
| 7 | पूर्वी चम्पारण | 06252—242418 |
| 8 | पश्चिमी चम्पारण | 06254—242534 |
| 9 | मुजफ्फरपुर | 0621—2212007 |
| 10 | शिवहर | 0622—257360 |
| 11 | सीतामढ़ी | 06226—250316 |
| 12 | पटना (SEOC) | 1070 टॉल फ्री |

# बिहार सरकार
# आपदा प्रबंधन विभाग
# बाढ़, 2017 से संबंधित प्रतिवेदन

**दिनांक–14.08.2017**

| | | कुल प्रभावित | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 | प्रभावित जिलों के नाम | प्रखंडों की संख्या | पंचायतों की संख्या | जनसंख्या (लाख में) | निष्क्रमित आबादी की संख्या | राहत शिविरों की संख्या | शिविर में रखे गए शरणार्थीओं की संख्या | मृतको की संख्या |
| 1 | किशनगंज | 7 | 126 | 10.1 | 10200 | 68 | 7215 | 5 |
| 2 | अररिया | 7 | 145 | 7.5 | 40200 | 75 | 22500 | 20 |
| 3 | पूर्णियाँ | 4 | 62 | 8.39 | 5000 | 40 | 4050 | |
| 4 | कटिहार | 9 | 112 | 10 | 11000 | | | |
| 5 | पूर्वी चम्पारण | 7 | 52 | 2 | 2420 | 15 | 2420 | 3 |
| 6 | प0 चम्पारण | 12 | 76 | 4.81 | 45000 | 12 | 1400 | 3 |
| 7 | दरभंगा | 2 | 9 | 0.98 | | | | 3 |
| 8 | मधुबनी | 15 | 110 | 4.57 | | 3 | 35 | 1 |
| 9 | सीतामढ़ी | 10 | 150 | 15 | 6100 | 35 | | 6 |
| 10 | शिवहर | 4 | 18 | 0.35 | 2500 | 6 | 1000 | |
| 11 | सुपौल | 5 | 25 | 1.5 | 60000 | | 9500 | |
| 12 | मधेपुरा | 2 | 4 | 0.17 | | | | |
| **कुल** | | **84** | **889** | **65.37** | **182420** | **254** | **48120** | **41** |